प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 30.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य में नगर निकाय चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज, पहले दिन सात प्रत्याशियों ने भरे पर्चे, आज भी कई उम्मीदवार दाखिल करेंगे नामांकन।
2. जेपीएससी ने की 14वीं सिविल सेवा परीक्षा की घोषणा, 103 पदों के लिए 8 मार्च को होगी प्रारंभिक परीक्षा, कल से शुरु होगा ऑनलाइन आवेदन।
3. राज्य में आज से 13 फरवरी तक चलाया जायेगा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान, शुरुआती पहचान सुनिश्चित करना है मुख्य उदेश्य।
4. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर राज्यभर में मनाया जा रहा है शहीद दिवस, सरकारी कार्यालयों और स्कूलों में श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का हो रहा है आयोजन।
5. रांची में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली हॉकी प्रतियोगिता में मेजबान झारखंड की दोनों टीमों का शानदार प्रदर्शन, प्री क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश।

********************

राज्य में नगर निकाय चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया शुरु होते ही सियासी हलचल तेज हो गयी है। नामांकन के पहले दिन कल सात प्रत्याशियों ने अपनी नामजदगी के पर्चे दाखिल किये। बड़ी संख्या में पर्चे खरीदे भी गये। आज भी कई उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। रामगढ़ में पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए 4 और वार्ड पार्षद के लिए 94 अभ्यर्थियों ने फॉर्म खरीदे। उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र गुप्ता ने बताया कि नामांकन के दौरान सुरक्षा और सुविधा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

उधर, देवघर नगर निगम के मेयर पद के लिए कुल 12 अभ्यर्थियों ने नामांकन के पर्चे खरीदे हैं।

********************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने केंद्र सरकार पर राज्य के साथ वित्तीय भेदभाव करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। रांची में आयोजित बजट पूर्व संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार से राज्य को अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। श्री किशोर ने यह भी कहा कि अब झारखंड केन्द्र के भरोसे नहीं रहेगा बल्कि अपने संसाधनों के बल पर आत्मनिर्भर बनेगा।

********************

मालदा रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता ने गोड्डा रेलवे स्टेशन का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन की सुरक्षा, सफाई, यात्री सुविधाओं और इंजीनियरिंग व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने स्टेशन मास्टर कक्ष, प्रतीक्षालय और पेयजल व्यवस्था का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि गोड्डा में कोचिंग डिपो का निर्माण जुलाई तक पूरा होने की उम्मीद है, जिससे भविष्य में यहां से नई ट्रेनों के संचालन का रास्ता साफ होगा।

********************

झारखंड लोक सेवा आयोग, जेपीएससी ने बहुप्रतीक्षित 14वीं सिविल सेवा परीक्षा की आधिकारिक घोषणा कर दी है। विभिन्न प्रशासनिक सेवाओं के लिए कुल 103 पदों पर भर्ती की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया कल से शुरु होगी जबकि प्रारंभिक परीक्षा की तिथि 8 मार्च निर्धारित है।

********************

राज्य में आज से स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान शुरु हो रहा है। यह 13 फरवरी तक चलेगा। अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने बताया कि यह एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल है। इसका प्राथमिक लक्ष्य समाज से कुष्ठ रोग के प्रति भेदभाव मिटाना और मरीजों की समय पर खोज करना है।

********************

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जामताड़ा जिले नारायणपुर बस स्टैंड पर परिवहन विभाग ने नुक्कड़ नाटक आयोजित किए। इसके जरिए वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने और नशे में गाड़ी न चलाने के प्रति जागरूक किया गया।

********************

जामताड़ा में उत्पाद विभाग ने एक ट्रक से भारी मात्रा में शराब की अवैध खेप पकड़ी है। उत्पाद अधीक्षक कुंदन कुमार कौशल के अनुसार एक हजार लीटर से ज्यादा स्पिरिट और 10 पेटी अवैध शराब ज़ब्त की गई है। इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

********************

सरायकेला–खरसावां में निकाय चुनावों से पहले पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है। इस कड़ी में आरआईटी पुलिस थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया गया है। बताया जाता है कि उसका आपराधिक इतिहास रहा है और वह अवैध हथियार से लोगों को धमका रहा था।

********************

आज शहीद दिवस है। इस अवसर पर देश में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 78वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। आज नई दिल्ली के राजघाट स्थित गांधी समाधि पर सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया जा रहा है। इधर, झारखंड में भी जगह–जगह श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। शहीद दिवस के अवसर पर सरकारी कार्यालयों और स्कूलों में दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को याद किया गया।

********************

उत्तर भारत और पहाड़ी इलाकों में हाल ही में हुई बर्फबारी के कारण रांची समेत पूरे झारखंड में एक बार फिर कनकनी और ठंड बढ़ गई है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि उत्तर–पश्चिमी ठंडी हवाओं के झारखंड में प्रवेश करने से अगले दो दिनों में तापमान में 3–4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट का अनुमान है।

********************

रांची में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली हॉकी प्रतियोगिता में मेजबान झारखंड का शानदार प्रदर्शन जारी है। राज्य की बालक और बालिका वर्ग ने टूर्नामेंट के प्री–क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। बालक टीम ने अपने लीग मैचों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पूल में शीर्ष स्थान हासिल किया और सीधे प्री–क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। वहीं बालिका टीम ने भी अपने पूल में शानदार खेल दिखाते हुए अंतिम 16 में प्रवेश किया है।

********************

और अब प्रमुख अखबारों की सुर्खिया–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट की रोक की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– बाबा राइस मिल ग्रुप और एजेंटों के 42 ठिकानों पर आयकर का छापा।

हिन्दुस्तान लिखता है– कैरव अपहरणकांड में शामिल बदमाशों से मुठभेड़, तीन जख्मी।

प्रभात खबर के शब्द हैं– विदेश में बैठे झारखंड के तीन गैंगेस्टरों पर शिकंजा, पुलिस ने तेज की प्रत्यार्पण की कार्रवाई।

दैनिक जागरण ने लिखा है– विनय चौबे को आज एसीबी मुख्यालय लायेगी जांच टीम, चार दिनों तक होगी पूछताछ।

*************